मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-123
07/03/2019

मुख्यमंत्री ने शहीद रतन कुमार ठाकुर एवं शहीद पिन्टू कुमार सिंह के परिजनों से की मुलाकात

पटना 07 मार्च 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज भागलपुर जिले के सन्हौला प्रखण्ड के ग्राम रतनपुर पहुंचकर पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए रतन कुमार ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शहीद रतन कुमार ठाकुर के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दिया।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बेगूसराय जिले के बखरी प्रखण्ड के ग्राम ध्यानचक्की पहुंचकर हिंदवाड़ा में आतंकी मुठभेड़ में शहीद हुए पिन्टू कुमार सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शहीद पिन्टू कुमार सिंह के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस भी बॅधाया।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, शहीद के परिजन एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

******